स्रोत: 1993-94, 1994-95, 1995,96 और 1996-97 (अप्रैल- जुलाई) के लिए डीजीसीआई एंड एस. 1996-97 के लिए सम्पूर्ण आंकडे अभी डीजीसीआई एंड एस द्वारा पूरे किए जाने बाकी है।

(ग) तथा (घ) स्वर्णभूषण भारत सरकार द्वारा एक अत्यन्त ध्यान देने उत्पाद के रुप में अभिज्ञात किये गये हैं और यह निर्यात का एक थ्रस्ट क्षेत्र है। तदनुसार, सरकार ने इस क्षेत्र से निर्यात बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें शामिल हैं: निर्यात आयात नीतियों की अच्छी ट्यूनिंग, अंतरर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक कीमतों पर कच्चे माल की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित कराना; निर्यातकों को स्वर्ण की उपलब्धता बढ़ाना; निर्यातकों को अन्तर्राष्ट्रीय स्वर्ण प्रदर्शनियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना तथा बाजार विकास और संवर्धनात्मक क्रियाकलापों के लिए रत्न तथा अभुषण निर्यात संवर्धन परिषद को अनुदान देने सहित आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना।

सब्जियों और फलों के निर्यात के लिए निगम की स्थापना किया जाना

3207. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार सब्जियों और फलों के निर्यात करने के प्रयोजन से किसी निगम की स्थापना करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बोल्ला बुल्ली रमैया): (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

निर्यातोन्मुख औद्योगिक इकाइयों का योगदान

3208. श्री राम जेठमलानी: क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1995-96 के दौरान देश में निर्यातोन्मुख औद्योगिक इकाइयों द्वारा देश के कुल आयात निर्यात व्यापार का मात्र नौ प्रतिशत व्यापार किया गया;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में तथ्म क्या है और वर्ष 1995-96 के दौरान उक्त इकाइयों द्वारा कुल कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई थी; और

(ग) क्या यह भी सच है कि निर्यातोन्मुख इकाइयां होने के कारण ये इकाइयां सरकार से अनेक रियायतें भी प्राप्त कर रही हैं यदि हां तो उक्त वर्ष के दौरान इन्हें कुल कितनी धनराशि की रियायतें प्रदान की गई?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बोल्ला बुल्ली रमैया): (क) और (ख) निर्यातोन्मुख एककों ने वर्ष 1995-96 के दौरान देश में कुल आयात-निर्यात व्यापार का 4.67% व्यापार नीचे दिए ब्यौरों के अनुसार किया है:

(रुपए करोड़ों में)

	निर्यात	आयात	कुल
भारत	106.469	121.647	228.116
निर्यातोन्मुख एकक	6,999	3,652	10,651

निर्यातोन्मुख एककों ने वर्ष 1995-96 के दौरान 6999 रु. की विदेशी मुद्रा अर्जित की थी।

(ग) इन एककों को उपलब्धा मुख्य वितीय रियायतों में शामिल हैं पूंजीगत सामान, कच्चा माल और उपभोक्ता वस्तुएं शुल्क मुक्त मिलना और कार्यचालन के प्रथम 8 वर्षों के दौरान 5 वर्ष की अवधि के लिए निगमित कर से छुट्टी मिलती है। चूंकि निर्यात उत्पादन के लिए निविष्टयों पर शुल्क उद्ग्रहणीय नहीं है इसलिए इन वर्षों के दौरान बदलते शुल्क ढांचे को ध्यान में रखते हुए, राशि का अनुमान लगाना कठिन होगा।

Export Oriented Units

3209. SHRI V. RAJESHWAR RAO: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) the number of 100% export oriented floriculture units in our country;

(b) the total quantities of their exports and their exports earnings;

(c) the response of farmers to Government's efforts to encourage floriculture; and